प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक — केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in





ट्रंप टैरिफ़ झुकने को तैयार नहीं! पेज- 2

चिकनपॉक्स बचाव महाभियान चला बांटी दवा पेज-6



वर्ष : 15 अंक : 68 | गुरुवार 26 फरवरी, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया


# योगी का मिशन जापान: टोक्यो रोड शो में यूपी को बनाया ग्लोबल निवेश हब

## जापानी कंपनियों को दिया ओपन इनविटेशन

(एजेंसी) लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जापान की कंपनियों को राज्य में निवेश करने के लिए बुधवार को आमंत्रित किया। राज्य सरकार की ओर से लखनऊ में जारी बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने जापान की राजधानी तोक्यो में श्उत्तर प्रदेश निवेश रोड शोश को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य, भारत की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। इसने पिछले नौ वर्ष में अपने सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) और प्रति व्यक्ति आय को तीन गुना किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पिछले नौ वर्ष में एक्सप्रेसवे और हवाई अड्डे बना बुनियादी ढांचे को अभूतपूर्व गति दी गई। बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने जापानी कंपनियों को उत्तर प्रदेश में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। आदित्यनाथ ने कहा कि



25 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश की देश की खेती योग्य भूमि में केवल 11 प्रतिशत हिस्सेदारी होने के बावजूद भारत के खाद्यान्न उत्पादन में 21 प्रतिशत का योगदान देता है। इसे भारत की फूड बास्केट होने का गौरव प्राप्त हुआ है। योगी आदित्यनाथ ने खाद्य प्रसंस्करण, भंडारण एवं लॉजिस्टिक में व्याप्त अवसरों का उल्लेख किया और जापानी कंपनियों को खेत से बाजार तक मूल्य संवर्धन का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के व्यापक जल संसाधनों का भी जिक्र किया और कहा कि श्मीठे पानीश के भंडार खेती के साथ–साथ हरित हाइड्रोजन और पंप स्टोरेज परियोजना जैसे उभरते क्षेत्रों को भी मदद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की 56 प्रतिशत आबादी काम करने वाले लोगों की है। इसलिए यह राज्य सभी क्षेत्र में कार्य कुशल और किफायती श्रम शक्ति से युक्त भी है। एक्सप्रेसवे के किनारे 27 औद्योगिक पार्क बनाए जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने जापान के कारोबारियों को निजी औद्योगिक पार्क परियोजनाओं में योगदान देने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने हवाई संपर्क में बड़े सुधारों की बात करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में 16 घरेलू और चार अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे चालू हैं। वहीं जल्द शुरू होने वाला नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, भारत का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा होगा। मुख्यमंत्री ने भारत और जापान के बीच सांस्कृतिक एवं आध यात्मिक संबंधों पर कहा कि उत्तर प्रदेश भगवान राम का जन्मस्थान है और कपिलवस्तु, सारनाथ, श्रावस्ती एवं कुशीनगर जैसे प्रमुख बौद्ध स्थलों का घर है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रामायण और बौद्ध सर्किट जैसी पहल की जा रही हैं। आदित्यनाथ की यह पहली जापान यात्रा है। इसका मकसद रणनीतिक एवं आर्थिक संबंधों को गहरा करने और उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश गंतव्य के रूप में पेश करना है।

# केरल का बदला नाम, थरूर बोले, केरलम तो पहले से है, केंद्र से लेकर राज्य सरकार पर साधा निशाना

(एजेंसी) नई दिल्ली। केरल का नाम बदले जाने पर सियासत तेज हो गई। मोदी सरकार के इस फैसले पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने तंज कसा है।



उन्होंने कहा कि मलयालम में ये पहले से ही केरलम है। ऐसे में केरल का नाम बदलना समझ से परे है। पता नहीं नाम बदलने से क्या फर्क पड़ता है। दरअसल, केंद्र सरकार ने केरल का लाम बदलकर केरलम करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसे लेकर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रदेश को AIIMS नहीं दिया। कोई नया इंस्टीट्यूशन नहीं दिया है। उन्होंने केंद्रीय बजट में भी केरल को कोई प्रोजेक्ट नहीं दिया। इन मुद्दों पर सरकार चुप्पी साध लेती है। लेकिन जब राज्य का नाम बदलने की बात आती है तो इसे तुरंत मंजूरी दे दी जाती है। यह खेल केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच चल रहा है। जबकि सरकार को केरल में विकास के काम को प्रमुखता देनी थी, जिससे प्रदेश का विकास हो सके। इससे पहले सांसद शशि थरूर ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि नाम बदलना ठीक है, लेकिन अंग्रेजी बोलने वालों के लिए एक छोटा सा भाषाई सवाल है। उन्होंने पूछा कि केरलाइट और केरलम शब्दों का क्या होगा। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि केरलमाइट किसी सूक्ष्म जीव जैसा लगता है और 'केरलमियन' किसी खनिज जैसा। उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय को टैग करते हुए सुझाव दिया कि नए शब्द के लिए प्रतियोगिता कराई जा सकती है। केरल का नाम बदले जाने को लेकर शशि थरूर लगातार सरकार को घेरे हुए है। दरअसल, केरल विधानसभा दो बार प्रस्ताव पारित कर चुकी है, जिसमें केंद्र से संविधान में संशोधन की मांग की गई है। मांग यह है कि राज्य का नाम उसकी मलयालम वर्तनी के अनुसार केरलम किया जाए और इसे आठवीं अनुसूची की सभी भाषाओं में लागू किया जाए। अब केंद्र की कैबिनेट ने भी नाम बदलने वाली मांग पर मुहर लगा दी है। ऐसे में आधिकारिक तौर पर राज्य का नाम बदल जाएगा।

# पीएम मोदी इजरायल दौरे पर रवाना

## बोले-नेतन्याहू से मिलने के लिए उत्साहित हूं-दोनों देशों के संबंध और मजबूत होने की आशा

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत और इजराइल एक



मजबूत और बहुआयामी रणनीतिक साझेदारी साझा करते हैं, जिसमें उल्लेखनीय वृद्धि और प्रगति देखी गई है। उन्होंने कहा कि वह इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ अपनी बातचीत को लेकर आशान्वित हैं। प्रधानमंत्री बुधवार को दो दिवसीय यात्रा पर इजराइल के लिए रवाना हुए। इजराइल यात्रा के लिए रवाना होने से पहले पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि उनकी यह यात्रा भारत और इजराइल के बीच स्थायी संबंधों को और मजबूत करेगी, रणनीतिक साझेदारी के लिए नए लक्ष्य निर्धारित करेगी तथा एक सशक्त, नवोन्मेषी और समृद्ध भविष्य के लिए दोनों देशों के साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाएगी। पीएम मोदी ने कहा कि अपने प्रिय मित्र प्रधानमंत्री नेतन्याहूश्श के निमंत्रण पर वह इजराइल की यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने रवाना होने से पहले अपने वक्तव्य में कहा, मैं प्रधानमंत्री नेतन्याहू के साथ होने वाली चर्चाओं को लेकर आशान्वित हूं जिनका उद्देश्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी, नवाचार, कृषि, जल प्रबंधन, रक्षा एवं सुरक्षा, व्यापार एवं निवेश के साथ लोगों के बीच आपसी संबंधों सहित विभिन्न क्षेत्रों में हमारे सहयोग को और मजबूत करना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों नेता पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान–प्रदान करेंगे। इस यात्रा के दौरान मोदी इजराइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा, मुझे इजराइल की संसद नेसेट को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री होने का गौरव प्राप्त होगा। यह अवसर हमारे दोनों देशों को जोड़ने वाले मजबूत संसदीय और लोकतांत्रिक संबंधों के प्रति एक सम्मान होगा। पीएम मोदी ने कहा कि वह इजराइल में भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्यों से बातचीत करने को लेकर उत्साहित हैं, जिन्होंने लंबे समय से भारत–इजराइल मित्रता को पोषित किया है।

# मुंब्रा थाना प्रभारी अनिल सिंधे से नफीस अहमद जाफरी की मुलाकात, समाज और पुलिस के बीच भरोसे को मजबूत करने पर जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो

मुंबई / मुंब्रा' समाज और पुलिस के बीच बेहतर तालमेल और विश्वास को मजबूत करने के उद्देश्य से सामाजिक कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ पत्रकार नफीस अहमद जाफरी ने मुंब्रा थाना प्रभारी अनिल सिंधे से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने "इंसाफ का तराजू" मैगजीन भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पत्रकार मो. शाहिद और पत्रकार समीर साहब भी मौजूद रहे। थाना प्रभारी अनिल सिंधे ने अतिथि के रूप में नफीस अहमद जाफरी का स्नेहपूर्वक स्वागत किया और उनसे क्षेत्र की सामाजिक, कानून–व्यवस्था और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने लखनऊ से आने वाले मेहमान के रूप में उनके अनुभव और



सामाजिक कार्यों की सराहना भी की। समाज और पुलिस की साझेदारी पर चर्चा मुलाकात के दौरान दोनों पक्षों ने इस बात पर सहमति जताई कि मुंब्रा जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस और समाज का मिलकर काम करना बेहद जरूरी है। युवाओं को अपराध और नशे से दूर रखने, अफवाहों को रोकने और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने के लिए संयुक्त कार्यक्रम चलाने पर भी विचार हुआ। सख्ती और संवेदनशीलता दोनों पर जोर स्थानीय स्तर पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, थाना प्रभारी अनिल सिंधे कानून व्यवस्था को लेकर सख्त रवैया रखने के साथ–साथ जनता से संवाद और विश्वास कायम रखने पर भी ध्यान देते हैं। त्योहारों, भीड़भाड़ और संवेदनशील परिस्थितियों में वे क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए सक्रिय रहते हैं और लोगों से सहयोग की अपील करते हैं। भविष्य की योजनाओं पर बात नफीस अहमद जाफरी ने कहा कि समाजसेवियों, पत्रकारों और पुलिस के संयुक्त प्रयास से युवाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम, कानूनी जानकारी और सामाजिक सुधार के अभियान चलाए जा सकते हैं। इस दिशा में आगे भी मिलकर काम करने का निर्णय लिया गया। पत्रकार मो. शाहिद और पत्रकार समीर साहब ने कहा कि मीडिया की भूमिका केवल खबर दिखाना नहीं, बल्कि समाज और प्रशासन के बीच सकारात्मक संवाद स्थापित करना भी है। ऐसे प्रयासों से आम जनता में भरोसा बढ़ता है और कानून व्यवस्था मजबूत होती है। मुलाकात के अंत में सभी ने समाज में शांति, न्याय और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। यह मुलाकात केवल औपचारिक नहीं बल्कि सामाजिक सहयोग और जनभागीदारी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

# तुच्छ राजनीति कर रहे राहुल गांधी: पीयूष गोयल बोले- गांधी परिवार ने हमेशा देश के हितों से किया समझौता

(एजेंसी) नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता और उनकी पार्टी देश की प्रगति को अस्थिर करने के लिए तुच्छ राजनीति कर रहे हैं और भारत विरोधी ताकतों के हाथों की कठपुतली की तरह काम कर रहे हैं। गोयल ने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि गांधी परिवार कम्प्रोमाइज्ड (समझौता कर चुका) परिवार है और कांग्रेस एक कम्प्रोमाइज्ड राजनीतिक दल है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, गांधी परिवार ने हमेशा देश के हितों से समझौता किया है और इसकी शुरुआत देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से हुई। गोयल ने आरोप लगाया कि गांधी ने भारत विरोधी ताकतों के साथ हाथ मिलाकर राष्ट्र हित से समझौता किया है। उन्होंने कहा,



गांधी नकारात्मक राजनीति का चेहरा बन गये हैं। सोनिया गांधी को लेकर उन्होंने दावा किया कि शैडो पावर यानी यूपीए के दौरान असली अथॉरिटी प्रधानमंत्री कार्यालय के बाहर काम करती थी। नेशनल हेराल्ड के मामले में पार्टी फंड का इस्तेमाल परिवार के कंट्रोल वाली एंटिटी को एसेट्स ट्रांसफर करने के लिए किया गया था। इसके अलावा, चीन और सोरेस नेटवर्क सहित विदेशी डोनर्स से जुड़े फाउंडेशन ने गंभीर चिंताएं पैदा कीं। एक अन्य पोस्ट में पीयूष गोयल ने लिखा, राहुल गांधी के भ्रामक बयानों पर भारी कांग्रेस का इतिहास। वो जितना भूलने की कोशिश करें लेकिन भारत की जनता पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी से लेकर सोनिया गांधी की ओर से राष्ट्रहित के साथ बार–बार किए गए समझौते को भूल नहीं सकती।

# बीएसएनएल निदेशक के प्रयागराज दौरे पर विवाद गहराया

## अंडरगार्मेंट्स और हेयर ऑयल की लिस्ट देख भड़के मंत्री सिंधिया, थमाया नोटिस

(एजेंसी) नई दिल्ली/ प्रयागराज बीएसएनएल के निदेशक विवेक बंसल के प्रस्तावित प्रयागराज दौरे को लेकर उठे विवाद ने अब राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर गंभीर रूप ले लिया है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मामले को "अनुचित और अस्वीकार्य" बताते हुए स्पष्ट किया है कि संबंधित निदेशक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। मंत्री ने कहा कि स्थापित नियमों और प्रशासनिक परंपराओं का उल्लंघन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। सात दिन के भीतर जवाब मांगा गया है और उसके बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विवेक बंसल 25–26 फरवरी को दो दिवसीय दौरे पर प्रयागराज आने वाले थे। इस संबंध में 19 फरवरी को डीजीएम स्तर से एक विस्तृत प्रोटोकॉल जारी किया गया था। इस प्रोटोकॉल में दौरे के लिए करीब 50 अधिकारियों को अलग–अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई थीं। इसमें स्वागत, संगम स्नान, नौका विहार और बड़े हनुमान मंदिर, अक्षयवट व पातालपुरी मंदिर के दर्शन जैसे कार्यक्रम शामिल थे।हालांकि विवाद तब शुरू हुआ जब इस प्रोटोकॉल में निजी उपयोग की वस्तुओं तक की व्यवस्था करने के निर्देश लिखित रूप में सामने आए। आदेश के वायरल होते ही सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाएं आने लगीं और मामला तूल पकड़ गया। प्रोटोकॉल के मुताबिक संगम स्नान के दौरान तौलिया, कंघी, दर्पण, चप्पल, तेल की बोतल और अंडर गारमेंट जैसी वस्तुओं की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया था। पुरुषों के लिए छह और महिलाओं के लिए दो "स्नान किट" तैयार करने की बात कही गई थी। इसके अलावा घाट पर बेडशीट रखने, होटल और सर्किट हाउस में सूखे मेवे, फल, शेविंग किट, टूथपेस्ट, ब्रश, साबुन, शैम्पू और तेल की व्यवस्था करने के निर्देश भी शामिल थे। कुल मिलाकर लगभग 20 कार्यों के लिए करीब 50 अधिकारियों की तैनाती का उल्लेख था। यही विवरण इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुआ और व्यापक आलोचना का कारण बना। जैसे ही आदेश सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ, यूजर्स ने इसे लेकर तरह–तरह की टिप्पणियां करनी शुरू कर दीं। मामला विभागीय अधिकारियों के संज्ञान में पहुंचते ही हलचल मच गई। इसके अगले ही दिन विवेक बंसल का प्रयागराज दौरा अचानक रद्द कर दिया गया। प्रयागराज के एक वरिष्ठ बीएसएनएल अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि यह विभाग की छवि खराब करने की कोशिश भी हो सकती है, लेकिन



उन्होंने आदेश की प्रामाणिकता पर सीधी टिप्पणी करने से इनकार किया। बीएसएनएल के जनसंपर्क अधिकारी आशीष गुप्ता ने कहा कि निदेशक का दौरा निरस्त हो चुका है और पूर्व में जारी प्रोटोकॉल स्वतः अप्रभावी हो गया है। मामले ने जब राष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित किया, तब केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्पष्ट रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में इस तरह का व्यवहार चौंकाने वाला है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सिंधिया ने कहा, "संस्थागत अनुशासन और प्रोटोकॉल का पालन सर्वोपरि है। स्थापित नियमों और प्रशासनिक परंपराओं का उल्लंघन स्वीकार्य नहीं है।" उन्होंने बताया कि संबंधित निदेशक को सात दिन में जवाब देने को कहा गया है। जवाब मिलने के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। यह घटना ऐसे समय सामने आई है जब सरकारी संस्थानों में पारदर्शिता और जवाबदेही पर लगातार जोर दिया जा रहा है। इस प्रकरण ने प्रशासनिक मर्यादा और संसाधनों के उपयोग को लेकर नई बहस छेड़ दी है। इससे पहले भी कुछ अधिकारियों के व्यवहार को लेकर विवाद सामने आए हैं। दिल्ली में एक अधिकारी पर स्टेडियम खाली कराकर निजी उपयोग के आरोप लगे थे, जिसके बाद उनका तबादला किया गया था। बीएसएनएल के इस मामले ने एक बार फिर सवाल खड़े किए हैं कि क्या सरकारी संसाधनों और अधिकारियों की तैनाती का उपयोग निर्धारित नियमों के तहत ही हो रहा है। बीएसएनएल पहले से ही प्रतिस्पर्धी दूरसंचार बाजार में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। ऐसे में इस तरह का विवाद सार्वजनिक छवि पर असर डाल सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि सार्वजनिक उपक्रमों के अधिकारियों को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी चाहिए, ताकि संस्थान की साख पर कोई आंच न आए। अब सबकी नजर कारण बताओ नोटिस के जवाब और संभावित कार्रवाई पर है। यदि जांच में नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है, तो विभागीय कार्रवाई संभव है। फिलहाल निदेशक का प्रयागराज दौरा रद्द हो चुका है और विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। सरकार ने स्पष्ट संकेत दिया है कि प्रशासनिक अनुशासन से जुड़ी किसी भी चूक को हल्के में नहीं लिया जाएगा। आने वाले दिनों में यह मामला किस दिशा में जाता है, यह निदेशक के जवाब और विभागीय जांच पर निर्भर करेगा।

# सम्पादकीय

## गवास्कर का भड़कना स्वभाविक

अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए टी20 विश्व कप के मैच से सबक लेकर अपने अहं का त्याग करना चाहिए और अति आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरकर हर गेंद को बाउंड्री लाइन के बाहर भेजने के बजाय परिस्थितियों के अनुसार खेलना चाहिए। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बल्लेबाजों की नाकामी के कारण सुपर आठ के महत्वपूर्ण मुकाबले में 76 रन से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। गावस्कर ने कहा,भारतीय बल्लेबाजों को ब्रेविस और मिलर की साझेदारी से सीख लेकर इस तरह का .ष्टिकोण अपनाने की जरूरत थी। भारतीय बल्लेबाजों ने ऐसा नहीं किया। वे अति आत्मविश्वास के साथ उतरे, हर गेंद पर बल्ला चलाया और विकेट गंवा दिए। दक्षिण अफ्रीका खेल के हर विभाग में भारत से अव्वल साबित हुआ। गावस्कर ने कहा,भारत ने दक्षिण अफ्रीका से कोई सबक नहीं लिया। भारतीय बल्लेबाज क्रीज पर उतर कर हर गेंद को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाने का प्रयास कर रहे थे। टी20 क्रिकेट ऐसे नहीं खेला जाता। उन्होंने कहा,आपको विपक्षी टीम से सीख लेनी चाहिए थी। अगर उन्होंने इस तरह की मुश्किल पिच पर अच्छा स्कोर किया है तो आपको अपना अहं त्यागकर उनकी पारी का विश्लेषण करना चाहिए था और परिस्थितियों के अनुसार बल्लेबाजी करनी चाहिए थी। भारत का अगला मुकाबला जिंबॉब्वे से होगा और गावस्कर ने कहा कि वह अक्षर पटेल को अंतिम एकादश में देखना चाहते हैं। भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अक्षर पटेल की जगह वाशिंगटन सुंदर को मौका दिया। गावस्कर ने कहा,जिंबॉब्वे की टीम में बाएं हाथ के बल्लेबाजों की कमी है और इसलिए मैं चाहूंगा कि अक्षर पटेल की अंतिम एकादश में वापसी हो। आप उन्हें अर्शदीप सिंह की जगह टीम में शामिल कर सकते हैं। लेकिन अर्शदीप ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अच्छी गेंदबाजी की और ऐसे में वाशिंगटन को बाहर बैठना पड़ेगा। मालूम हो कि आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 का 43वां मुकाबला बीते रविवार (22 फरवरी) को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच अहमदाबाद में खेला गया। जहां भारतीय टीम को 76 रनों के बड़े अंतर से शिकस्त मिली। विपक्षी टीम के खिलाफ मिली हार के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव काफी निराश नजर आए। मैच के बाद उन्होंने अपने दिल की बात साझा करते हुए कहा, शुरुआत में ऐसा लग रहा था कि हम मैच में बने हुए हैं। गेंदबाजी की शुरुआत हमने काफी अच्छी की थी। मगर सात से 15 ओवरों के बीच उन्होंने (दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज) काफी अच्छी बल्लेबाजी की। हमारी गेंदबाजी काफी अच्छी रही, बल्लेबाजी भी अच्छी हो सकती थी। कभी–कभी आपको समझना पड़ता है कि मैच पावरप्ले में जीता नहीं जाता है, हां हारा जरूर जा सकता है। हमें जरूरी साझेदारियां नहीं कर पाए। यह खेल का हिस्सा है। हार से हम सबक लेंगे और इसपर विचार करेंगे, फिर मजबूती के साथ वापसी करेंगे। टूर्नामेंट में भारतीय टीम का अगला मुकाबला जिंबाब्वे के साथ चेन्नई में है। सूर्यकुमार यादव को उम्मीद है कि खिलाड़ी अच्छी बल्लेबाजी और गेंदबाजी करेंगे। उन्होंने कहा, उम्मीद है अच्छी बल्लेबाजी, अच्छी गेंदबाजी और अच्छी फील्डिंग करेंगे। चीजों को आसान रखेंगे। यहीं सब करने की कोशिश करेंगे।



नफीस जाफरी

## भागवत जी के भाषण को सही नजरिए से देखा जाना चाहिए

विश्वास डावर

सरसंघचालक (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख) श्री मोहन भागवत जी के भाषण को सही नजरिए से देखा जाना चाहिए–जिसमें उन्होंने कहा कि जिन लोगों को अपना असली धर्म छोड़कर इस्लाम अपनाने के लिए मजबूर किया गया था, उनका वापस स्वागत है–इस बात में कोई सांप्रदायिक भावना नहीं दिखनी चाहिए। जैसा कि इतिहास बहुत साफ है, भारत में सैंकड़ों सालों तक, मुस्लिम शासकों ने हिंदुओं को अपना धर्म छोडने के लिए मजबूर किया। इस्लाम या ईसाई धर्म अपनाने के लिए, यूरोपीय शासकों ने उन पर मुकद्दमा चलाया और कई मामलों में, धर्म के आधार पर अमानवीय अत्याचार और बेरहमी से हत्याएं हुईं। भारत में इस्लाम और ईसाई धर्म को जबरदस्ती और कई दूसरी चीजों से गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद और सेवा की आड़ में फैलाया गया। भागवत जी की बात बहुत सीधी और सरल है–अगर कोई अपनी मर्जी से अपने असली धर्म में वापस आना चाहता है, तो हमें हिंदू समाज के तौर पर उनका स्वागत करना चाहिए। उन्होंने बहुत ज्यादा दबाव और ऐसी शर्तों के तहत अपना असली धर्म छोड़ा जो उनके नियंत्रण से बाहर थीं। मुझे इसमें कोई गैर–ध र्मनिरपेक्ष काम नहीं दिखता, क्योंकि इसमें दबाव, लालच या किसी भी गलत तरीके का कोई तत्व नहीं है। भारत जैसे आजाद और स्वतंत्र देश में, अपनी पसंद से धर्म बदलना गैर–कानूनी नहीं है। हिंदू धर्म (सनातन) सिर्फ भारतीय उपमहाद्वीप में ही नहीं था, बल्कि इंडो–चाइना, इंडोनेशिया और दूसरे दक्षिण–पूर्व एशियाई देशों तक फैला हुआ था। इंडोनेशिया में ड्क्षहदू धर्म का काफी ज्यादा उभार हो रहा है, जहां मुसलमानों की सबसे ज्यादा आबादी है। हिंदू–बहुल द्वीप बाली के अलावा, जावा और सुमात्रा जैसे द्वीपों पर हिंदू आबादी बढ़ रही है और नए हिंदू मंदिर बन रहे हैं। कुछ भी जबरदस्ती या किसी और गलत तरीके से नहीं हो रहा, यह सनातन धर्म की आध्यात्मिक आवाज है। इंसान की जिंदगी में शांति, खुशहाली और सुकून लाना ही सनातन धर्म कई यूरोपियन देशों जैसे पोलैंड, एस्टोनिया वगैरह में कर रहा है। हिंदू (सनातन धर्म) ने कभी किसी को धर्म बदलने के लिए मजबूर नहीं किया। यह महान आध्यात्मिकता और फिलॉसफी की भावना है–सबके साथ अच्छा व्यवहार करना, सबके लिए अच्छा सोचना और अपने आस–पास के सभी लोगों के साथ शांति से रहना। सनातन के इन बुनियादी सिद्धांतों ने इसे हजारों सालों तक सभी मुश्किलों और हमलों के बावजूद जिंदा रहने में मदद की है। दुनिया में कई ऐसे देश हैं जो धर्म के हिसाब से पूरी तरह बदल गए हैं और स्पेन इसका एक उदाहरण है। स्पेन 700 सालों तक मुस्लिम शासन के अधीन था और 8वीं सदी की शुरुआत (711 ए.डी.) से 15वीं सदी के आखिर (1478 ए. डी.) तक वहां मुस्लिम आबादी थी। इस दौरान, लगभग 800 सालों तक, ईसाइयों और मुसलमानों के बीच लड़ाइयां लड़ी गईं, जिन्हें रिकोनक्विस्टा के नाम से जाना जाता है, जिसके नतीजे में स्पेन फिर से एक ईसाई देश बन गया। इतिहास साफ दिखाता है कि जहां भी इस्लामी राज कायम हुआ, पूरे देश मुस्लिम बन गए। इसी तरह, जहां यूरोपियन राज करते थे, वे ईसाई बन गए। हालांकि, भारत और सनातन धर्म अपनी पहचान बनाए रखने में कामयाब रहे, भले ही दबाव में बड़े पैमाने पर धर्मांतरण हुए, जिनको बदला जा सकता है और लोगों को घर वापसी करनी चाहिए। यह बात कि सनातन हजार सालों तक उन सभी हमलों से बचा रहा, सनातन की सबसे बड़ी ताकत है। इसके उलट, भारत का सनातन धर्म बिना किसी हिंसा के बचा रहा और फला–फूला। यह जीने का एकमात्र तरीका है, जो हमारे देश को बिना किसी डर, गोलियों, गोले या अमानवीय कामों के आगे बढने और फलने–फूलने में मदद कर सकता है, जिससे आम लोगों को इंसानी दुख और तकलीफ होती है। कुछ तथाकथित बुद्धिजीवियों ने भागवत जी के इस सुझाव की आलोचना की है कि ड्क्षहदुओं को कम से कम 3 बच्चे पैदा करने चाहिएं, जिन्हें अच्छी परवरिश दी जा सके। इसे भी सही नजरिए से देखना चाहिए।

# ट्रंप टैरिफ़ झुकने को तैयार नहीं!



गुलफिशा खान

टैरिफ... टैरिफ... टैरिफ... पिछले एक साल में ये शब्द जितना चर्चा में रहा है, उतना शायद और कोई न रहा हो। पिछले साल 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद से डोनाल्ड ट्रंप ने दुनियाभर के देशों पर टैरिफ थोपे। उन्होंने पिछले साल 2 अप्रैल को भारत समेत दुनिया के 80 से ज्यादा देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने का ऐलान किया। उन्होंने इसे लिबरेशन डे बताया। ट्रंप का कहना था कि जो जितना टैरिफ लगाएगा, हम भी उतना ही टैरिफ लगाएंगे। लेकिन ट्रंप के अब इस टैरिफ को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने अवैध बताया है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की बेंच ने ये फैसला 6–3 से सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रपति के पास एकतरफा टैरिफ लगाने का अधिकार नहीं है। इसका अधिकार संसद के पास है। अदालत में ट्रंप ने दावा किया था कि 1977 का इंटरनेशनल इमरजेंसी इकनॉमिक पॉवर्स एक्ट उन्हें टैरिफ लगाने का अधिकार देता है। कोर्ट ने कहा कि इस कानून के तहत टैरिफ लगाने का अधिकार सिर्फ कांग्रेस यानी संसद के पास है। ट्रंप ने पिछले साल अप्रैल में जमकर टैरिफ लगाए। कभी कनाडा, कभी चीन, कभी ब्राजील तो कभी भारत। ट्रंप टैरिफ की धमकियां भी देते रहे। ट्रंप ने खुद कई बार कहा कि उन्होंने टैरिफ और व्यापार का इस्तेमाल किया। वहीं दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ग्लोबल टैरिफ दर को 10 से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने काऐलान किया है। उन्होंने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की तरफ से उनके टैरिफ पर रोक लगाने को गैर–कानूनी बताने के बाद ग्लोबल 10 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। अब फिर से ग्लोबल टैरिफ को बढ़ाने का मतलब है कि ट्रंप इतनी आसानी से झुकने वाले नहीं हैं। ट्रंप ने कुछ देर पहले अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर ये जानकारी देते हुए लिखा, संयुक्त राज्य अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी किए गए



हास्यास्पद, खराब ढंग से लिखे गए और असाधारण रूप से अमेरिका–विरोधी टैरिफ संबंधी निर्णय की गहन, विस्तृत और संपूर्ण समीक्षा के आधार पर, कई महीनों के विचार–विमर्श के बाद, .पया इस कथन को इस बात का प्रतिनिधित्व मानें कि मैं, संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में, उन देशों पर लगाए गए 10 प्रतिशत वैश्विक टैरिफ को तत्काल प्रभाव से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर रहा हूं, जिनमें से कई दशकों से बिना किसी दंड के अमेरिका को लूट रहे थे (जब तक मैं सत्ता में नहीं आया!) अगले कुछ महीनों के भीतर, ट्रंप प्रशासन नए और कानूनी रूप से अनुमत टैरिफ निर्धारित और जारी करेगा, जो अमेरिका को फिर से महान बनाने की हमारी असाधारण रूप से सफल प्रक्रिया को जारी रखेगा – पहले से कहीं अधिक महान!!! इस मामले पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद। ट्रंप ने धारा 122 का उपयोग करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने 150 दिनों की अवधि के लिए अमेरिका में आयातित वस्तुओं पर पहले 10 प्रतिशत का टैरिफ लगाया और अब इसे 15 फीसदी कर दिया. 10 फीसदी ग्लोबल टैक्स लगाने पर व्हाइट हाउस की ओर से जारी फैक्टशीट के जरिए बताया गया कि ट्रंप ने ट्रेड एक्ट 1974 की धारा 122 के तहत दी गई शक्ति का प्रयोग किया है। इसके तहत राष्ट्रपति सरचार्ज और अन्य विशेष आयात प्रतिबंधों के माध्यम से कुछ आधारभूत अंतरराष्ट्रीय भुगतान समस्याओं को संबोधित कर सकते हैं। फैक्टशीट के मुताबिक, अमेरिका के सामने आने वाली आधारभूत अंतरराष्ट्रीय भुगतान समस्याओं का अधिक प्रभावी ढंग से समाधान करने के लिए कुछ वस्तुओं पर अस्थायी आयात शुल्क लागू नहीं होगा। इनमें कुछ महत्वपूर्ण खनिज, मुद्रा और बुलियन में उपयोग होने वाली धातुएं, ऊर्जा और ऊर्जा उत्पाद, प्रा.तिक संसाधन और उर्वरक, कुछ .षि उत्पाद, फार्मास्यूटिकल्स और फार्मास्यूटिकल सामग्री, कुछ इलेक्ट्रॉनिक्स, यात्री वाहन और अन्य उत्पाद शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रपति ने अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय को धारा 301 के तहत अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए कुछ अनुचित और भेदभाव करने वाले कानूनों, नीतियों और प्रथाओं की जांच करने का निर्देश दिया है, जो अमेरिकी व्यापार पर बोझ डालते हैं या उसे प्रतिबंधित करते हैं। बयान में कहा गया, अमेरिका को आधारभूत अंतरराष्ट्रीय भुगतान समस्याओं (व्यापार घाटे) का सामना करना पड़ रहा है। घरेलू उत्पादन में कमी के परिणामस्वरूप, अमेरिका को अपनी खपत की अधिकांश वस्तुओं का आयात करना पड़ता है, जिससे अमेरिकी डॉलर हमारी अर्थव्यवस्था से बाहर विदेशों में चले जाते हैं। " धारा 122 के तहत लगाए गए टैरिफ 150 दिनों के बाद स्वतः समाप्त हो जाएंगे, जब तक कि कांग्रेस उन्हें बढ़ाने के लिए मतदान न करे। हालांकि समय सीमा स्पष्ट है, व्यापार विशेषज्ञों का कहना है कि राष्ट्रपति इन उपायों को समाप्त होने से पहले भुगतान संतुलन आपातकाल की नई घोषणा करके इन्हें दोबारा लागू कर सकते हैं। कई रिपोर्टों के अनुसार, अन्य व्यापार कानूनों के विपरीत, धारा 122 के तहत टैरिफ लगाने से पहले औपचारिक जांच की आवश्यकता नहीं होती है, जिससे त्वरित कार्रवाई संभव हो पाती है।

# असम में प्रियंका की चुनौतियां आपार, कैसे लगाएंगी पार्टी का बेड़ा पार



फरीद वारसी

असम में चुनावी सुगबुगाहट के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घुसपैठियों के खिलाफ फाइनल अल्टीमेटम दे दिया है। असम की धरती से हुंकार भरते हुए शाह ने साफ कर दिया है कि अगले पांच साल अवैध प्रवासियों के लिए बोरिया–बिस्तर समेटने होंगे। अब उनका नाम न वोटर लिस्ट में रहेगा और न ही उनकी जगह भारत में होगी। बीते दिनों असम पुलिस की 10वीं बटालियन के नए परिसर के शिलान्यास कार्यक्रम में गृहमंत्री ने यह बात कही। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि आने वाले पांच साल अवैध प्रवासियों के लिए निर्णायक होने वाले हैं। अमित शाह ने जोर देकर कहा कि अगर भारत नक्सलियों से मुक्त हो सकता है, तो वह घुसपैठियों से भी मुक्त हो सकता है। उन्होंने संकल्प दोहराया कि अगले पांच वर्षों में अवैध प्रवासियों को न केवल मतदाता सूची से बाहर किया जाएगा, बल्कि उन्हें देश की सीमाओं से भी निकाल दिया जाएगा। गृह मंत्री ने कहा कि असम पुलिस की जिस 10वीं बटालियन की आधारशिला रखी गई है, उसका निर्माण उसी भूमि पर किया जाएगा जिसे घुसपैठियों के अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है। उन्होंने कहा कि केवल जमीन खाली कराना काफी नहीं है, इन घुसपैठियों को देश से बाहर भेजना भी जरूरी है। अमित शाह ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस नेता ने एक बार घुसपैठियों को निकालने की बात कही थी, लेकिन कांग्रेस ऐसा नहीं कर सकती क्योंकि अवैध प्रवासी उनका वोट बैंक हैं। राज्य के भविष्य का खाका खींचते हुए शाह ने दावा किया कि अगले पांच वर्षों के भीतर असम न केवल पूर्व का, बल्कि पूरे पूर्वोत्तर भारत का औद्योगिक केंद्र बनकर उभरेगा। वहीं अब बात कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी की तो मालूम हो कि कांग्रेस महासचिव और असम के स्क्रीनिंग कमिटी की अध्यक्ष प्रियंका गांधी असम के दौरे से दिल्ली आ चुकी हैं और राजधानी में एक बड़ी बैठक की है।यह शायद पहला मौका होगा जब किसी भी प्रदेश के स्क्रीनिंग कमिटी के अध्यक्ष के दौरे को इतना महत्व दिया जा





रहा हो। लेकिन इसलिए भी है क्योंकि इससे प्रियंका गांधी का नाम जुड़ा है। स्क्रीनिंग कमिटी के बाकी सदस्य कनार्टक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,सांसद इमरान मसूद जैसे बड़े नाम हैं। प्रियंका गांधी ने असम के 21 विधायकों,3 सांसदों,जिला अध्यक्षों और ब्लॉक प्रमुखों से मुलाकात की है। मगर असम में प्रियंका गांधी के लिए चुनौतियां भी बड़ी है, जिसमें पार्टी के अंदर बगावत और संगठन की चुनौतियां है। भूपेन वोरा का कांग्रेस छोड़ना पार्टी के लिए एक बड़ा झटका है। भूपेन वोरा पिछले 30 सालों से कांग्रेस के सदस्य रहे और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भी थे।जब से गौरव गोगोई को असम का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है तभी से भूपेन वोरा अपने आप को असहज महसूस कर रहे थे। भूपेन वोरा ने गौरव गोगोई पर आरोप लगाया है कि वे रकिबुल हुसैन को अधिक तरजीह दे रहे थे। भूपेन वोरा के कांग्रेस छोड़ने के बाद प्रियंका गांधी की सबसे बड़ी चुनौती होगी कि पार्टी को एकजुट रखें क्योंकि पिछले कई सालों में कई विधायक कांग्रेस छोड़कर जा चुके हैं। भूपेन वोरा ने ये घोषणा की है कि 8 मार्च को उनके साथ कई और कांग्रेस नेता पार्टी छोड़ कर भाजपा में जाऐंगे। फिलहाल कांग्रेस में चुनाव से पहले नेताओं के इस भगदड़ को रोकना प्रियंका गांधी की सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी। दूसरा असम में प्रियंका को भाजपा के मजबूत संगठन का मुकाबला करना है जिसे हेमंत बिस्वा शर्मा ने खड़ा किया है। एक समय में लगातार तीन बार मुख्यमंत्री रहने वाले तरूण गोगोई के जाने के बाद कांग्रेस कमजोर होती गई और हेमंत विस्वा शर्मा के नेतृत्व में भाजपा बढ़ती गई और अब पूरे असम में भाजपा की पकड़ काफी मजबूत हो चुकी है। असम में कांग्रेस को एक मजबूत गठबंधन बनाना भी एक बड़ी चुनौती है। असम में गठबंधन का बड़ा महत्त्व है पिछली बार भी यहां एनडीए बनाम महाजोत जो कांग्रेस का गठबंधन था के बीच चुनाव हुआ पिछली बार एनडीए को 126 विधानसभा सीटों में 75 सीटें मिली थी और कांग्रेस गठबंधन वाली महाजोत को 50 सीट। हालांकि यदि आप वोटों के प्रतिशत को देखें तो एनडीए को 43.9 फीसदी वोट मिले थे,जबकि महाजोत को 42.3 फीसदी यानी अंतर सिर्फ 1. 6 फीसदी वोटों का ही था। यहां पर प्रियंका गांधी का नाम काम में आ सकता है अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि कांग्रेस किन पार्टियों के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी क्योंकि यह तो साफ है कि इस बार कांग्रेस बदरूद्दीन अजमल के साथ कोई गठबंधन नहीं करना चाहती है। अजमल को लोकसभा चुनाव में धुबरी सीट पर रकीबुल हुसैन ने 10 लाख वोटों से हराया था। कांग्रेस बदरूद्दीन अजमल की पार्टी को भाजपा की बी टीम कह रही है। कांग्रेस इस बार वामदलों के अलावा अखिल गोगोई की रायजोर दल के साथ चुनाव लड़ने की तैयारी में है। असम में कई और छोटे दल हैं जिसके साथ कांग्रेस गठबंधन कर सकती है। कई जानकारों का मानना है कि असम में कांग्रेस को मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा की आक्रामक शैली वाली राजनीति का जवाब देना मुख्य चुनौती है। इसमें प्रियंका गांधी की अपनी राजनैतिक शैली कारगर हो सकती है क्योंकि प्रियंका गांधी पर सीधी टिप्पणी करने से हेमंत विस्वा शर्मा भी बचना चाहेंगे। वैसे प्रियंका गांधी के स्क्रीनिंग कमिटी का अध्यक्ष बनाए जाने के वक्त कहा था कि प्रियंका गांधी को कठिन काम दे कर राहुल गांधी ने फंसा दिया मगर प्रियंका गांधी की टीम का कहना है कि उन्हें कठिन काम करने में ही मजा आता है। वैसे चुनौतियां तो कांग्रेस के लिए चुनौतियां तो बहुत है मगर गौरव गोगोई और प्रियंका गांधी को भी मालूम है कि असम में वक्त लगेगा और कांग्रेस ने अपनी स्थिति पहले से अच्छी की तो यह भी उनके लिए जीत ही मानी जाएगी।

# यह प्रधानमंत्री की शर्मिंदगी नहीं, बौखलाहट है

अनिल जैन

देश की राजधानी दिल्ली में पिछले दिनों भारी अफरातफरी के माहौल में संपन्न हुए अंतरराष्ट्रीय आर्टिफिशल इंटेलिजंस यानी एआई समिट के दौरान कांग्रेस के युवा कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित उनकी पूरी सरकार, उनकी पार्टी और उसका इको सिस्टम बेहद खफा और परेशान हैं। प्रधानमंत्री ने एक जनसभा में अपने गुस्से का इजहार करते हुए आहत स्वर में कांग्रेस के नेताओं को श्नंगाश कहते हुए उन पर विदेशी मेहमानों के सामने देश की छवि खराब करने का आरोप लगाया है। तमाम मंत्री और भाजपा के नेता मोदी से भी एक कदम आगे बढ़कर राहुल गांधी को श्देशद्रोहीश और श्लफंगाश करार दे रहे हैं। चूंकि सरकार और भाजपा परेशान है, लिहाजा उसके प्रचार तंत्र की भूमिका निभाने वाले मीडिया का परेशान होना भी लाजिमी है, सो वह भी कुछ इसी तरह के लहजे में राहुल गांधी और कांग्रेस को कोस रहा है। दरअसल मोदी के लिए लोकतंत्र का मतलब महज किसी भी तरह से चुनाव जीतना है। लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वायत्ता, विपक्ष से संवाद और सरकार से असहमति आदि के लिए उनके लोकतंत्र में कोई जगह नहीं है। इसलिए वे अपनी सरकार के खिलाफ उठने वाली हर आवाज को देशविरोधी करार देने में कोई देरी या संकोच नहीं करते। इसकी वजह यह भी है कि उनकी राजनीतिक परवरिश लोकतांत्रिक माहौल में नहीं बल्कि एकचालकानुवर्तित्व के माहौल में हुई है। उन्होंने सत्ता में आने से पहले के अपने राजनीतिक जीवन में सरकारविरोधी किसी आंदोलन में शिरकत नहीं की और जेल जाना तो दूर, किसी पुलिस थाने का मुंह तक नहीं देखा। इसलिए उन्हें किसी भी मुद्दे पर अपनी सरकार का विरोध बेहद अटपटा लगता है और वे बौखला जाते हैं। मोदी प्रधानमंत्री बनने के बाद दुनिया के अधिकांश देशों की यात्राएं कर चुके हैं। प्रध ाानमंत्री और गुजरात का मुख्यमंत्री बनने से पहले भी आधुनिक विश्व के सबसे पुराने लोकतंत्र कहे जाने वाले अमेरिका की यात्रा तो उन्होंने कई बार की है, जैसा कि वे खुद कई मर्तबा बतला चुके हैं। इसके बावजूद वे इस तथ्य से अनजान हैं कि लोकतांत्रिक देशों में अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के दौरान किसी मुद्दे को लेकर विरोध–प्रदर्शन होना कोई नई बात नहीं है। अमेरिका सहित यूरोप के तमाम देशों में अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के मौके पर वहां के राजनीतिक दल, सामाजिक संगठन, छात्र या मानवाधिकार संस्थाएं किसी मुद्दे को लेकर विरोध और प्रदर्शन करते रहते हैं, लेकिन वहां विरोध करने वालों को देशद्रोही कहना तो दूर गिरफ्तार भी नहीं किया जाता है। मोदी ने खुद भी प्रधानमंत्री के नाते ऐसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में शिरकत की है और कुछ आयोजनों के दौरान तो वहां मोदी के खिलाफ भी प्रदर्शन हुए हैं। हमारे ही देश में पहले कई अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के मौके पर ऐसे विरोध–प्रदर्शन हुए हैं। 1982 में दिल्ली में हुए एशियाई खेलों के आयोजन के खिलाफ लोकदल के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को कुछ घंटों के लिए हिरासत में लिया था और फिर छोड़ दिया था। किसी ने उन्हें श्देशद्रोहीश या लोकदल के नेता चौधरी चरणसिंह को नंगा नहीं कहा था। उसके बाद दिल्ली में ही 1983 में गुटनिरपेक्ष देशों का शिखर सम्मेलन हुआ था, जिसमें 100 से ज्यादा देशों ने हिस्सा लिया था। उस आयोजन के मौके पर लोकदल और वामपंथी दलों ने कुछ ही समय पहले असम में हुए शर्मनाक नेल्ली नरसंहार की ओर दुनिया का ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रदर्शन किया था, लेकिन किसी ने प्रदर्शनकारियों को देशद्रोही नहीं कहा था और न ही देश की छवि खराब होने का राग अलापा था। दिल्ली में ही 2010 में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स के मौके पर भाजपा ने विरोध ा प्रदर्शन किया था। तब भी किसी ने प्रदर्शनकारियों को देशद्रोही नहीं कहा और न ही किसी को गिरफ्तार किया। बहरहाल एआई समिट में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का विरोध ा–प्रदर्शन रणनीतिक रूप से सही था या गलत, इस पर तो बहस हो सकती है मगर इसमें शर्मसार होने जैसी कोई बात नहीं है। फिर भी प्रध ाानमंत्री और उनके तमाम सहयोगी नाराज हुए जा रहे हैं। जबकि एआई समिट के दौरान के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन के अलावा ऐसी कई बातें हुई हैं, जिनके लिए प्रधानमंत्री और उनकी सरकार को शर्मसार होना चाहिए था, लेकिन वे नहीं हो रहे हैं। आयोजन के पहले दिन प्रधानमंत्री के फोटो सेशन के लिए आयोजन स्थल को पांच घंटे के लिए पूरी तरह खाली करा लिया गया था, जिससे विदेशी मेहमानों को काफी परेशानी हुई और उस दौरान कई विदेशी मेहमानों के कीमती सामान चोरी हो गये परन्तु इस पर किसी को शर्म नहीं आ रही है। एआई समिट में गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने चीन में बने रोबोटिक डॉग को अपने यहां निर्मित हुआ बताते हुए उसका प्रदर्शन किया। यही नहीं, उस चीनी रोबोटिक डॉग को भारत सरकार के सूचना तकनीकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी भारतीय आविष्कार और प्रधानमंत्री मोदी के विजन का परिणाम बताया, जिससे दुनिया भर में भारत की किरकिरी हुई, लेकिन मोदी सहित किसी को भी शर्म ने छुआ तक नहीं। गौरतलब है कि 2014 में प्रध ाानमंत्री बनने से पहले मोदी ने इस गलगोटिया यूनिवर्सिटी को टॉप यूनिवर्सिटी के अवार्ड से नवाजा था। वैसे एआई समिट के अलावा भी पिछले 12 वर्षों के दौरान देश में ऐसे कई वाकये हुए हैं जिनसे दुनिया में भारत की छवि खराब हुई है लेकिन किसी को शर्म नहीं आई– न प्रधानमंत्री को, न उनकी सरकार व पार्टी को और न ही मुख्यधारा के मीडिया को। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने देश के मीडिया के समक्ष कहते हैं, मैं प्रधानमंत्री मोदी का कैरियर बर्बाद कर सकता हूं, इसलिए मुझे खुश करना मोदी की मजबूरी है। संप्रभुता संपन्नता भारत को अपमानित करने वाले इस बयान पर किसी को शर्म नहीं आती। यही नहीं, ट्रंप ने 50 से अधिक बार कहा है कि उन्होंने ही भारत और पाकिस्तान को धमका कर उनके बीच सीजफायर करवाया। ट्रम्प के इस दावे पर किसी का जमीर नहीं जागता। सुदूर पूर्वोत्तर के मणिपुर में जब एक समुदाय के लोग दूसरे समुदाय की महिलाओं को नंगा करके सड़कों पर घुमाते हैं, जिसकी खबरें दुनिया भर के मीडिया में प्रमुखता से जगह पाती हैं, तब भी प्रधानमंत्री मोदी और उनकी पार्टी को शर्म नहीं आती है। देश में हिंदू राष्ट्र और सनातन का राग अलापने वाले महंत और महामंडलेश्वर जब यौन दुराचार के मामलों में रंगे हाथों पकड़े जाते हैं तब भी किसी को शर्म नहीं आती। उस समय भी किसी को शर्म नहीं आती जब बलात्कार के सजायाफ्ता लोगों की सजा माफ कर दी जाती है और उनके जेल से रिहा होने पर हार–फूलों से उनका स्वागत किया किया जाता है। भारत की छवि तब भी खराब नहीं होती है जब देश की उच्च अदालतें बलात्कार जैसे वीभत्सतम अपराध की उलजुलूल व्याख्या करते हुए बलात्कारियों की हौसला अफजाई करती हैं, लेकिन किसी को शर्म नहीं आती। जब भाजपा शासित उत्तराखंड में 20 साल की एक युवती को सत्तारूढ़ दल के प्रभावशाली नेता अपनी हवस का शिकार बनाकर उसकी हत्या कर देते हैं, तब भी किसी को शर्म नहीं आती है। शर्मसार होने से जैसे और भी कई मामले हैं और संचार क्रांति के दौर में उनकी जानकारी दुनिया भर को है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार उनसे बेखबर रहती है। अमेरिका के कुख्यात यौन अपराध ाी जेफरी एपस्टीन की फाइलों में नाम आने पर दुनिया भर में कई सत्तारूढ़ नेताओं और उच्च अधिकारियों के इस्तीफे हो चुके हैं। उन फाइलों में भारत के प्रधानमंत्री मोदी, उनके मंत्रियों और उनके दोस्त उद्योगपतियों का भी नाम आना तथा सरकार के एक मंत्री के एपस्टीन से करीबी संबंधों का खुलासा हो जाना पूरे देश के लिए शर्म की बात है, पर सरकार, सत्तारूढ़ दल और मीडिया के स्तर पर शर्म का कोई अता–पता नहीं है। इन सभी को शर्म आती है तो सिर्फ प्रधानमंत्री की छवि चमकाने की कवायद के तहत हुए एआई समिट में प्रमुख विपक्षी पार्टी के 12 कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन पर। मोदी ने 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान एक टीवी इंटरव्यू में कहा था, श्लोकतंत्र में ऐसा मजबूत विपक्ष का होना बहुत जरूरी है, जो सरकार को तलवार की धार पर चलने के लिए मजबूर कर दे। मुझे प्रधानमंत्री बनने के बाद एक ही बात का अफसोस है कि मुझे मजबूत विपक्ष नहीं मिला, इससे मेरा दिल दुखता है। उस चुनाव में व्यापक पैमाने पर हुई गड़बड़ियों और चुनाव आयोग के पक्षपातपूर्ण रवैये के बावजूद चुनाव परिणामों से प्रधानमंत्री की इच्छा पूरी हुई। उन्हें एक मजबूत विपक्ष मिला लेकिन अफसोस है कि वह विपक्ष प्रधानमंत्री को रास नहीं आ रहा है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)

# आनलाइन ट्रेडिंग पर रोक लगाई जाए : बनवारी लाल

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष संतोष सिंह चौहान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसका संचालन जिला महामंत्री रमेश यादव ने किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने व्यापार मंडल के जिला कार्यालय पर आयोजि बैठक में कहा कि आनलाइन ट्रेडिंग से खुदरा व्यापार प्रभावित हो रहा है आनलाइन ट्रेडिंग पर तत्काल रोक लगाई जाए। व्यापार मंडल के निरन्तर प्रयासों से 18 हजार से अधिक इकाइयां कार्य कर रही हैं स उन्होंने कहा कि पूरे भारत में छोटे बड़े 7 करोड़ कारोबारी हैं। ग्राम सभा एवं नगर पंचायत से लेकर देश व प्रदेश भर में अरबों रूपये का भुगतान करते हैं। जिससे देश की योजनाएं चल रही हैं। उन्होंने कहा कि करदाता व्यापारियों को शस्त्र लाइसेंस प्राथमिकता के आधार पर दिया जाए। जीएसटी पंजी.त व्यापारियों का स्वास्थ्य बीमा सरकारी कर्मचारियों की भांति दिया जाए। विद्युत एवं गृह कर की कॉमर्शियल दरें घरेलू दरों की तरह की जाएं। इस मौके पर एमपी सिंह तोमर, डॉ.एके शर्मा, संतोष सिंह चौहान, हरिगोपाल शुक्ला, रमेश यादव, धर्मेंद्र भदौरिया, सुनीता कुशवाहा, अभिषेक दीक्षित, शरद बाजपेई, शैलेन्द्र राजावत, बीना चौहान, उमेश वर्मा, प्रदीप कन्नौजिया, अनुराग वर्मा, अवधेश दुबे, एसपी तोमर, अनिल मिश्रा, सोमेश अवस्थी, अनिल भदौरिया, सुन्दर लाल, मुनीम सिंह यादव, अभिषेक यादव, इंद्रवीर पाल, कुलदीप बघेल, सौरभ राजावत, रज्जन पोरवाल आदि बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# परीक्षा केंद्र के बाहर छात्रों का हंगामा, उत्तर पुस्तिका फाड़ने का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रयबरेली। डलमऊ कस्बे के जगतपुर मार्ग पर बुधवार को यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट की परीक्षा छूटने के बाद छात्रों ने परीक्षा केंद्र के



बाहर शिक्षकों के द्वारा उत्तर पुस्तिका में लगाए गए रुपए को निकाल कर उत्तर पुस्तिका के पृष्ठ फाड़ने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची डलमऊ पुलिस द्वारा छात्रों को समझा बुझाकर भेज दिया गया। बुधवार को उस समय छात्रों ने हंगामा खड़ा कर दिया जब भागीरथी इंटर कॉलेज में दूसरी पाली में चल रही इंटरमीडिएट यूपी बोर्ड परीक्षा की शिक्षकों के द्वारा उत्तर पुस्तिका फाड़ दी गई जिसको लेकर परीक्षा देकर बाहर निकले छात्रों ने हंगामा शुरू कर दिया। छात्रों ने मौखिक रूप से परीक्षा केंद्र के शिक्षकों पर उत्तर पुस्तिका में लगाए गए रुपए निकालकर उत्तर पुस्तिका के पृष्ठ फाड़ देने का आरोप लगा रहे थे। वहीं डलमऊ कोतवाली प्रभारी राघवन सिंह ने बताया की कस्बे के एक परीक्षा केंद्र के पास छात्रों द्वारा हंगामा करने की सूचना पर मौके पर जाकर छात्रों को समझा बुझाकर भेज दिया गया छात्रों ने मौखिक रूपसे परीक्षा केंद्र के शिक्षकों द्वारा उत्तर पुस्तिका पुस्तिकामें लगाए गए रुपए निकालकर उत्तर पुस्तिका के पृष्ठफाड़ देने का आरोप लगा रहे थे।

# प्राथमिक विद्यालय कुशालपुर में छात्रों से लगवाई जा रही झाड़ू

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। शिक्षा के क्षेत्र में योगी सरकार भले ही करोड रुपए खर्च कर रही हैं मगर प्राथमिक विद्यालयों की अध्यापिकाओ को किसी का भी खौफ नहीं ऐसा ही मामला थाना नारखी क्षेत्र में ग्राम पंचायत बर्थरा के समीप कोटला रोड प्राथमिक विद्यालय कुशालपुर में छात्र–छात्राओं से झाड़ू लगवाने का मामला सामने आया है। साफ तौर पर देख सकते हैं कि किस तरह बच्चे बच्चिया झाड़ू लगाती नजर आ रही हैं। साथ ही जब स्कूल में पढ़ रहे बच्चों से पूछा गया कि आपके स्कूल का नाम क्या है तो कैमरे के सामने स्कूल का नाम भी नहीं बता पाए ऐसे स्कूल के बच्चे क्या आगे भविष्य में कर पाएंगे। प्राथमिक विद्यालय कुशालपुर में पढ़ रहे छोटे–छोटे विद्यार्थियों ने कैमरे के सामने अपनी अपनी शिकायत करते नजर आए और बताया कि स्कूल की मैडम रोजाना हमसे झाड़ू लगवाती हैं इतना ही नहीं गांव कुशालपुर के लोगों ने भी मीडिया को जानकारी दी कि अध्यापिकाएं रोजाना 10 बजे के बाद स्कूल आती हैं इतना ही नहीं उन्होंने बताया कि विद्यालय में तीन अध्यापक आए हैं। मगर किसी दिन एक किसी दिन दो ऐसे ही ड्यूटी पर आती हैं और बच्चों से झाड़ू लगवाती हैं। रसोइया भी 10 बजे आती है जब के प्रदेश भर में ग्रीष्मकालीन में प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक का छुट्टी होने का समय होता है। प्राथमिक विद्यालय कुशालपुर में जब अपनी स्कूटी से अध्यापिका 10 के बाद आते हुए केमरे में हुई कैद जब पत्रकारों ने बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पांडेय से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन फोन नहीं उठा। गांव बरथरा के प्रधान अशोक ने बताया कि कई बार अध्यापिकाओ को समझाया गया, लेकिन वे अपनी आदत से बाज नहीं आतीं। ऐसे में क्या प्रशासनिक लोग खिलवाड़ कराते रहेंगे या फिर किस तरह कार्रवाई अमल में लाई जाएगी यह तो आने वाला भक्त ही बताएगा।


## होली विशेष रेलगाड़ी का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित होली विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत हैः-

गाड़ी संख्या 07315/07316 हुब्बल्लि जंक्शन-मुज़फ्फरपुर जंक्शन-हुब्बल्लि जंक्शन सप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी

| 07315 हुब्बल्लि जं.-मुज़फ्फरपुर जं. | | | 07316 मुज़फ्फरपुर जं.-हुब्बल्लि जं. | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 17:20 | हुब्बल्लि जंक्शन | 11:15 | ----- |
| 04:10 | 04:15 | मानिकपुर जंक्शन | 00:50 | 00:55 |
| 06:20 | 06:30 | प्रयागराज छिवकी जंक्शन | 21:00 | 21:10 |
| 16:00 | ---- | मुज़फ्फरपुर जंक्शन | ---- | 13:15 |

• **हुब्बल्लि जंक्शन से** - गाड़ी संख्या 07315 प्रत्येक बुधवार दिनांक 04.03.2026 से 01.04.2026 • **मुज़फ्फरपुर जंक्शन से** - गाड़ी संख्या 07316 प्रत्येक शनिवार दिनांक 07.03.2026 से 04.04.2026

**गाड़ी संरचना :** वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी - 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी - 05, स्लीपर श्रेणी - 10, सामान्य श्रेणी - 04

नोट : ट्रेन की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन न0 139 या Railmadad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 439/26 (C)


# कांग्रेसियों ने शंकराचार्य पर दर्ज मुकदमा वापस लेने की उठाई मांग

## - स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थन में पीएम को भेजा ज्ञापन, कार्रवाई पर जताया विरोध

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया गया। ज्ञापन में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, जो ज्योतिर्मठ के पीठाधीश्वर हैं, से जुड़ी घटना पर विरोध दर्ज कराया गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि मौनी अमावस्या के दिन स्नान के लिए जाते समय पुलिस द्वारा शंकराचार्य को कथित रूप से रोका गया तथा उनके शिष्यों के साथ मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया। साथ ही उनके शिष्यों के साथ अभद्र व्यवहार करने और शंकराचार्य का छत्र तोड़े जाने की बात भी कही गई है। इसके अतिरिक्त ज्ञापन में यह भी कहा गया कि शंकराचार्य, उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद ब्रह्मचारी एवं अन्य शिष्यों के विरुद्ध यौन शोषण और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज किए गए हैं, जिन्हें ज्ञापन देने वालों ने निराधार बताते हुए बिना शर्त वापस लेने की मांग की है। जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि सनातन धर्म के शीर्ष धर्मगुरु पर लगाए गए सभी कथित फर्जी मुकदमों को वापस लिया जाए और मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। इस अवसर पर पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, प्रशांत तिवारी, प्रमोद शंखवार, प्रवक्ता वाचस्पति द्विवेदी, करण सिंह राजपूत, ललित दुबे, आसिफ जादरान, दीक्षा शुक्ला, प्रदीप द्विवेदी, मनोज दीक्षित, देवेंद्र राठौर, अमन तिवारी, सोहेल वारसी, संजीव त्रिपाठी, सत्यप्रकाश शुक्ला, प्रेरणा जुबैरी, कुसुमलता उपाध्याय, प्रेम किशोर द्विवेदी, अंबुज त्रिपाठी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। ज्ञापन सौंपकर सभी ने अपनी मांगों के संबंध में उचित कार्रवाई किए जाने की अपेक्षा जताई।



# संयुक्त प्रेस क्लब ने पत्रकार हितों को लेकर डिप्टी सीएम को सौंपा ज्ञापन

## - बृजेश पाठक से आयुष्मान कार्ड, पेंशन, सुरक्षा व सम्मान की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को संयुक्त प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेन्द्र भसीन एवं महामंत्री सुधीर मिश्रा ने साथियों के साथ पत्रकार हितों से संबंधित मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पत्रकार संगठन की ओर से अनुरोध किया गया कि पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा एवं पहचान सुनिश्चित करने के लिए शासन और प्रशासन स्तर पर विशेष प्रावधान लागू किए जाएं। जनपद के कई मान्यता प्राप्त पत्रकारों के आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बने हैं, जिन्हें शीघ्र बनवाया जाए। साथ ही पत्रकारों के परिवार के सदस्यों को शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में प्राथमिकता देने की भी मांग की गई। संयुक्त प्रेस क्लब पदाधिकारियों ने 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ पत्रकारों को पेंशन देने की व्यवस्था लागू करने की मांग करते हुए कहा कि इससे वरिष्ठ पत्रकारों को जीवन यापन में सहूलियत मिलेगी। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि सूचना विभाग से मान्यता प्राप्त पत्रकारों की सूची सभी विभागों को उपलब्ध कराई जाए, ताकि पत्रकारों को सम्मान मिल सके। कोरोना काल से बंद रेल यात्रा में आधा किराया एवं टोल टैक्स में छूट की सुविधा पुनः लागू करने, ग्रामीण एवं कस्बाई क्षेत्रों में कार्यरत पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा कलेक्ट्रेट परिसर में पत्रकारों के बैठने के लिए उचित स्थान उपलब्ध कराने की भी मांग की गई। इसके अतिरिक्त पत्रकारों के उत्पीड़न के मामलों की त्वरित जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में अन्नू चौरसिया, आशुतोष बाजपेयी, रविन्द्र चौहान, रघुवीर सिंह, नितेश प्रताप सिंह एवं सुघर सिंह सहित अन्य पत्रकार साथी उपस्थित रहे।



# निपुण भारत मिशन व बेसिक शिक्षा के विभिन्न कार्यक्रमों की सीडीओ ने ली बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी द्वारा जारी रोस्टर के क्रम में आज प्रातः 10:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में निपुण भारत मिशन एवं बेसिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। सर्वप्रथम मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय तथा मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय के निर्माण की प्रगति के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में कार्यदायी संस्था यूपी सिड़को के अधिशासी अभियन्ता के द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय पुलखडीत, एका में निर्माण कार्य में लगभग 100 से अधिक लेबर कार्य कर रहे हैं, माह फरवरी तक 34 प्रतिशत कार्य पूर्ण होना चाहिए था किन्तु 27 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो सका है, जिसे तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। द्वितीय चरण में तहसील सिरसागंज के ग्राम करहरा में स्वी.त मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय का डी0पी0आर0 शासन को प्रेषित किया जा चुका है, शासन के अनुमोदनोपरान्त धनराशि आवंटित की जायेगी। मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय लालऊ में निर्माण कार्य गतिमान है, जिसे गुणत्तापूर्ण व शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये। विद्यालय परिसर से जा रहे हाई विद्युत हाई टेंशन लाइन को एक सप्ताह में हटाये जाने के निर्देश दिये गये तथा अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड जसराना, टूण्डला, सिरसागंज, शिकोहाबाद व फिरोजाबाद द्वारा अद्यतन विद्युत तार न हटाये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत असंतृप्त विद्यालयों की पैरामीटरवाइज सूची तैयार कर प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे होने वाली वीडियोकान्फ्रेसिंग के माध्यम से समीक्षा किये जाने के निर्देश दिये गये। समग्र शिक्षा के अन्तर्गत स्वी.त निर्माण कार्यों में 03 निर्माण कार्य अद्यतन अनारम्भ होने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए तत्काल प्रारम्भ कराये जाने के निर्देश दिये गये। सी0एम0 डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं में अपेक्षित कार्यवाही किये जाने के साथ–साथ समस्त जनपद व ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स के सदस्यों द्वारा प्रेरणा एप के माध्यम से प्रतिमाह विद्यालय निरीक्षण का लक्ष्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत विद्यालयों में क्रय किये जाने वाली सामग्री यथा–मसाले, सब्जी, दूध, फल आदि को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से क्रय करने व भुगतान किये जाने के निर्देश दिये गये, जिससे स्वयं सहायता समूह को भी रोजगार मिल सके। पुनः दिनांक 1–2 मार्च, 2026 को समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों के साथ समीक्षा की जायेगी कि कितने विद्यालयां में स्वयं सहायता समूह से सामान लिया गया है? आई0जी0आर0एस0 प्रकरणों का ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये गये। विद्यालयों में छात्र–छात्राओं की वास्तविक उपस्थिति दर्ज किये जाने एवं डिजिटल रजिस्टर पर प्रतिदिन ऑनलाइन किये जाने के निर्देश के साथ–साथ गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन वितरण कराये जाने के निर्देश दिये गये।

# नि:शुल्क वृहद रोजगार मेले को लेकर हुई समीक्षा बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश



रंजन की अध्यक्षता में उनके कक्ष में जनपद में आयोजित होने वाली आगामी एक दिवसीय निशुल्क वृहद रोजगार मेले के संबंध में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य और अपर जिलाधिकारी विशु राजा भी उपस्थित रहे। रोजगार समिति के अंतर्गत आयोजित होने वाले इस रोजगार मेले में 50 से 60 प्रतिष्ठित कंपनियों के सम्मिलित होने का अनुमान है। युवाओं के लिए इस मेले के माध्यम से देश के साथ–साथ विदेशों में भी नौकरी पाने के अवसर उपलब्ध रहेंगे इसमें .षि, फार्मेसी, फूड सेक्टर, मार्केटिंग, एलआईसी, मारुति सुजुकी, पुखराज हेल्थ केयर, जेप्टो, ब्लिंकीट और केएफसी जैसी कंपनियां हिस्सा लेंगी। इस मेले में कंप्यूटर ऑपरेटर, अकाउंटेंट, इलेक्ट्रीशियन और प्लंबर जैसे विभिन्न पदों के लिए भर्ती की जाएगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों के निर्देशित किया है कि मेले का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक रोजगार युवक और युक्तियां इसका लाभ उठा सके। उन्होंने जोर दिया है कि चयन प्रक्रिया पूरी पारदर्शी हो और युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार मिले। उन्होंने सभी बेरोजगार युवक और युवतियों का आह्वान किया है कि मेले में प्रतिभाग करने से पहले रोजगार पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। पंजीकरण के पश्चात ही अभ्यर्थी अपनी योग्यता के अनुसार कंपनियों में साक्षात्कार दे सकेंगे, बैठक में जिला सेवा योजना अधिकारी खुशबु शाक्य उपस्थित रही।

# जिला विज्ञान क्लब 28 फरवरी को मनाएगा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब के तत्वाधान में जिलाधिकारी रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य एवं जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार की सहमति एवं निर्देशन में विज्ञान लोकप्रियकरण संचार कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सेवन वंडर्स इंटर कॉलेज सूरजपुर दुगमई में 28 फरवरी को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य विषय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस है। जिसमें विज्ञान विषय पर विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान कार्यक्रम, विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी, पोस्टर प्रतियोगिता, विज्ञान शपथ का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जनपद के सभी बोर्डो के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अनुरोध किया है कि इस वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को समय से प्रतिभाग कराकर उनके वैज्ञानिक .ष्टिकोण में वृद्धि करें। सभी प्रतिभागियों को जिला विज्ञान क्लब की ओर से सम्मानित किया जाएगा। सेवन वंडर्स इंटर कॉलेज, सूरजपुर दुगमई की प्रबंधक ब्रजेश कुमारी और निदेशक संजय शर्मा, प्रधानाचार्य एमडी सर ने जनपद के सभी बोर्डों के विद्यालय के प्रधानाचार्यों से अपील की है कि वे अपने विद्यालय के विद्यार्थियों को वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग कराकर उनकी प्रतिभा का विकास करे।

# घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज करने का आदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव की रहने वाली महिला के साथ घर में घुसकर तमंचे के बल पर दुश्कर्म किए जाने के मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आषुतोश द्वितीय की अदालत ने कल्यानपुर पुलिस को मुकदमा दर्ज किए जाने के आदेष दिए हैं। पीड़िता के वरिश्ठ अधिवक्ता जावेद खान व साथी अधिवक्ता षोएब खान ने बताया कि 16 अक्टूबर की रात करीब दस बजे पीड़िता जब घर पर अकेली थी तब रामजी घर के अंदर घुस आया और तमंचा अड़ाकर पीड़ित महिला के साथ जबरन बलात्कार किया और जान से मारने की धमकी देते हुए निकल गया। पीड़ित महिला ने पति के आने पर सारी बात बताई। पीड़िता व पति 17 अक्टूबर को षिकायत करने रामजी के घर गए। जहां उसके पिता रामरतन व उसकी पत्नी बीना देवी ने पीड़ित महिला व पति के साथ मारपीट की। शिकायत करने पर फर्जी बलात्कार के मुकदमें में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दी। पीड़ित महिला ने इसकी षिकायत थाना कल्यानपुर में की। पुलिस द्वारा रिपोर्ट न लिखे जाने पर न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिस पर वरिश्ठ अधिवक्ता जावेद खान व साथी अधिवक्ता षोएब खान ने पूर्व में अभियुक्तगणों द्वारा इसी तरह की घटना कारित किए जाने का हवाला देकर बलात्कार जैसी घटना को जघन्य अपराध बताते हुए जोरदार तर्क प्रस्तुत किए। जिन्हें सुनने व विचार में लेने के बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आषुतोश द्वितीय ने कल्यानपुर पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेष पारित किया है।



# बकेवर पुलिस ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। मिशन शक्ति फेज–5.0 के अंतर्गत थाना बकेवर की मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर बालिकाओं एवं महिलाओं को सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान टीम ने महिलाओं को उनकी सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी देते हुए उन्हें सतर्क और जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। अभियान के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 व 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वूमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930, एलपीजी गैस रिसाव हेल्पलाइन 1906 तथा उपभोक्ता अधिकार हेल्पलाइन 1915 सहित अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त टीम द्वारा विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तथा आयुष्मान भारत योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और छात्राओं को संदेश देते हुए कहा कि स्वस्थ और सतर्क रहना ही वास्तविक सुरक्षा है। उन्होंने छात्र–छात्राओं को पढ़ाई को प्राथमिकता देने, सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने तथा हेल्पलाइन नंबरों और योजनाओं की जानकारी अपने परिवार और आसपास के लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। अभियान के अंत में सभी को सुरक्षित और जागरूक रहने का संदेश दिया गया।

# शिवपाल सिंह यादव ने नवदंपत्ति को दिया आशीर्वाद

## - आयुष्मान-आस्था के विवाह समारोह में जुटे गणमान्य लोग

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वृंदावन गार्डन मोतीझील के पास आयोजित विवाह समारोह में पूर्व कैबिनेट मंत्री जसवंतनगर विधायक एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने सुधीर शुक्ला उर्फ बबलू के पुत्र चिरंजीव आयुष्मान एवं सौभाग्यवती बहू आस्था को आशीर्वाद प्रदान किया। विवाह कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि सुबह लड़के की लगुन संपन्न हुई और दिन में ही वैवाहिक फेरे शुरू हो गए, जिसके बाद शाम को बैंड–बाजे के साथ बारात का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले सहित अन्य जनपदों से आए गणमान्य अधिवक्ता, डॉक्टर, व्यापारी, पत्रकार एवं समाजसेवियों ने समारोह में सहभागिता करते हुए नवदंपत्ति को शुभाशीष प्रदान किया और उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की।

# इलाज के दौरान वायुसेना जवान की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो/ फतेहपुर। तीन दिन पूर्व मार्ग दुर्घटना में घायल हुए गांव मंगलपुर टकौली निवासी वायु सेना जवान की कानपुर के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जवान का शव गांव आते ही परिजनों में कोहराम मच गया और परिजन रो–रोकर बेहाल रहे मृतक जवान का अंतिम संस्कार गांव में गमगीन माहौल में कर दिया गया। थाना क्षेत्र के गांव मंगलपुर टकौली निवासी 30 वर्षीय विवेक सचान पुत्र चंद्रशेखर सचान भारतीय वायुसेना में बाग डोगरा आसाम में एयर क्राप्ट पोस्ट में तैनात थे। 22 फरवरी को छुट्टी पर घर आये थे इसी बीच कानपुर से आते समय जनपद कानपुर नगर के थाना विधनू के टेढ़ा मोड़ पतारा के समीप मार्ग दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया थे। जिसे कानपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज चल रहा था। बुधवार को सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। गांव में जवान का शव आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी शिल्पी सचान व दो वर्षीय एकलौते बेटे का रो–रोकर बुरा हाल है। जवान का गांव में ही गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान राजू सचान डा.अनूप सचान देव नारायण सचान सहित बड़ी संख्या में लोग आवास पहुंचकर शोक संवेदना ब्यक्त करते हुए जवान को श्रद्धासुमन अर्पित कर भावमीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।


न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक न्यूज वाणी में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
11 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर
फतेहपुर की मशहूर व पुरानी दुकान
जाफ़री चश्में वाले
थोक व फुटकर चश्में
39, नवीन मार्केट, पुराना R.T.O. आफिस
करूणा जीवन ज्योति नर्सिंग होम के सामने
(निकट पत्थर कटा चौराहा), फतेहपुर (उ.प्र.)
कानपुर के मशहूर डॉक्टर द्वारा आपरेशन की सुविधा।
नोट- डाक्टर का पर्चा लाने पर मात्र आधे घण्टे में चश्मा व 10 प्रतिशत की छूट सहित प्राप्त करें।
कान की मशीन मात्र 450/- में
कान्टेक्ट लेंस मात्र 350/- में
सम्पर्क सूत्र : 05180-228339, 9451548620
प्रो. नफीस अहमद जाफ़री
संपादक-राष्ट्रीय हिंदी दैनिक न्यूज वाणी

# चिकनपॉक्स बचाव महाभियान चला बांटी दवा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन एवं प्रदेष कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने चिकनपॉक्स बचाव महाभियान पुनः चलाया। डॉ अनुराग ने बच्चों से कहा कि सबसे अधिक समय आप लोगों का विद्यालय व घर में गुजरता है इसलिए हम सभी को अपने



विद्यालय व घर में स्वच्छता रखनी होगी, तभी हम बहुत सारी बीमारियों से बच सकते हैं। भोजन से पहले व शौच जाने के बाद साबुन से हाथ अच्छी तरह से धुलना चाहिए। डॉ अनुराग द्वारा कम्पोजिट विद्यालय शादीपुर के 88, उच्च प्राथमिक विद्यालय महमूदपुर के 50, बिरसा मुंडा सरस्वती संस्कार केंद्र के 54 कुल 192 बच्चों को चिकनपॉक्स से बचाव व संक्रमण को कम करने में सहायक होम्योपैथिक औषधि का वितरण किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या इरमा नाज़नीन, विकास गुप्ता, आचार्य रामनारायण सहित प्रमुख सहयोगी आजीवन सदस्य सुरेश कुमार श्रीवास्तव, अभिनव श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के बाकरगंज भिटौरा रोड़ बरदाही बाजार के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से 56 वर्षीय बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार ललौली थाना क्षेत्र के महना गांव निवासी स्व0 सुभाष चन्द्र सिंह का पुत्र महेन्द्र सिंह बाइक से किसी काम से जा रहा था। जब वह बाकरगंज भिटौरा रोड़ बरदाही बाजार के पास पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां डाक्टर उसे मृत घोषित कर दिया।

# मिलेट्स महोत्सव में जैविक खेती के जाने लाभ

## – महोत्सव में किसानो का एक जत्था हुआ शामिल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कृषि विज्ञान केंद्र थरियांव में चल रहे मिलेट्स महोत्सव में नमामि गंगे योजना के अंतर्गत जैविक खेती के गुरु मंत्र सीखने




के लिए कृषि विभाग की सर्विस प्रोवाइडर ईश एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड इंदौर मध्य प्रदेश के नेतृत्व में उप.षि निदेशक सत्येंद्र सिंह के निर्देशन में किसानो का एक जत्था मिलेट्स महोत्सव में शामिल होने के लिए ऐराया विकास खंड से पहुंचा थरियांव पहुंचा। जहां पर किसानों को जैविक खेती से पोषक युक्त, जहर मुक्त उपज पैदा करने के लिए प्रेरित किया गया। किसानों को श्री अन्न की खेती के लाभ बताए गए। इस मौके पर प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर जितेंद्र सिंह, अनिल मिश्रा, फील्ड ऑफिसर दीपांकर सिंह, राहुल कुमार सहित किसान शामिल रहे।

# अधिवक्ता की निर्मम हत्या के विरोध में वकीलों ने दिया ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। अवध बार लखनऊ में विधि व्यवसाय में कार्यरत वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष चंद्र मिश्रा की 22 फरवरी को लोहे की रॉड और लाठी डंडों से पीट–पीट कर निर्मम हत्या कर दी गई थी। इस घटना के विरोध में मॉडल बार एसोसिएशन खागा ने राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। माडल बार के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ताओं द्वारा दिए गए ज्ञापन में मांग किया कि मृतक सुभाष चंद्र मिश्रा के परिजनों को तत्काल एक करोड़ रुपये का आर्थिक मुआवजा दिया जाए। मृतक अधिवक्ता सुभाष चंद्र मिश्रा के परिवार की जान माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। मृतक अधिवक्ता के एक आश्रित को सरकारी नौकरी दी जाए। उत्तर प्रदेश में तत्काल प्रभाव से अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू किया जाए। वकीलों ने बताया कि प्रदेश में लगातार वकीलों की हत्याये हो रही है प्रशासन निरंकुश बना हुआ है वकीलों की सुरक्षा के लिये सम्पूर्ण प्रदेश में जल्द से जल्द अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करवाना जरूरी हो गया है। इस मौके पर अधिवक्ता महामंत्री मलखान सिंह यादव एडवोकेट, रामसखा द्विवेदी एडवोकेट, अजय त्रिपाठी एडवोकेट, वीरेंद्र सिंह तोमर एडवोकेट, अरविंद कुमार पांडेय एडवोकेट, पूर्व महामंत्री धर्मेंद्र सिंह एडवोकेट, बांकनाथ गोस्वामी एडवोकेट, मो यूसुफ एडवोकेट, लोधी लक्ष्मी देवी एडवोकेट, संजय सिंह एडवोकेट, इसराइल फ़ारूक़ी एडवोकेट, राम सुमेर यादव एडवोकेट सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

# कृषि यंत्र पाने के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उप कृषि निदेशक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में कृषि विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन के सिंगल कृषि यंत्र एवं अन्य योजनाओं के अवशेष कृषि यंत्र एवं .षि रक्षा करने के लिए कृषि विभाग के विभागीय वेबसाइड उपकरण पर अनुदान प्राप्त पर बुकिंग की जा रही है। कृषि यंत्रों की बुकिंग षुरू हो गई है। चार मार्च की रात बारह बजे तक की जाएगी। जो कृषि यंत्रों के लक्ष्य अवशेष रह गये हैं उनको समाहित करते हुये जनपद स्तर पर बुकिंग की जा रही है। कृषि यंत्र व कृषि रक्षा उपकरण पर मूल्य का 40 से 80 प्रतिशत अनुदान देय है। 10001 से 100000 तक भुनदान के कृषि यंत्रों हेतु जमानत धनराशि 2500 होगी एवं 100001 से अधिक अनुदान के कृषि यंत्रों हेतु जमानत धनराशि 5000 रूपए होगी। कृषि यंत्रों का विवरण, यंत्र बुकिंग एवं अनुदान प्रक्रिया से संबंधित जानकारी कृषि विभाग के पोर्टल पर उपलब्ध है।

# डीएम ने ईवीएम वीवी पैट वेयर हाउस का किया बाह्य निरीक्षण

## - सुरक्षा को परखा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र सिंह ने बुधवार को जिला निर्वाचन कार्यालय स्थित ईवीएम/वीवी पैट के वेयर हाउस के मासिक सुरक्षा की स्थिति का भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बाह्य निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ० अविनाश त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी सदर/प्रभारी अधिकारी ई०वी०एम०/वीवी पैट अनामिका श्रीवास्तव, उप संभागीय



.षि प्रसार अधिकारी रंजीत कुमार चौरसिया एवं प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ओम प्रकाश त्रिपाठी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम वेयर हाउस में लगे सीसी कैमरों का निरीक्षण किया। जिसमें यह पाया गया कि उक्त सभी सीसी कैमरे कियाशील हैं। वेयर हाउस की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा गार्द के सम्बन्ध में भी जानकारी प्राप्त की गयी। जिसमें यह पाया गया कि तैनात गार्द में एक हेड कांस्टेबल तथा तीन कॉन्स्टेबल वेयर की सुरक्षा में 24एक्स7 तैनात हैं। इसी क्रम में ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा में लगे फायर सिलेण्डर की वैधता की जांच की एवं डीबीआर में डाटा स्टोरेज की जांच की गयी जो आयोग के मानक के अनुरूप पायी गयी।

# मांगों को लेकर भारतीय मजदूर संघ ने किया प्रदर्शन

## - सीएम को भेजा ज्ञापन, निस्तारण की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। 18 सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्षन किया तत्पष्चात प्रषासनिक अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को मांग पत्र भेजते हुए सभी मांगों को पूरा किए जाने की आवाज उठाई। भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष विश्णु वर्मा की अगुवई में पदाधिकारी व कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और सीएम को भेजे गए ज्ञापन में मांग किया कि आषा कर्मचारियों को सरकारी कर्मचारी घोशित किया जाए, प्रोत्साहन राषि के स्थान पर मानदेय दिया जाए, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/ सहायिकाओं को सरकारी कर्मचारी घोशित कर मानदेय में वृद्धि की जाए, एनएचएम के सभी संविदा कर्मियों की बीमा, स्थानांतरण, वेतन विसंगतियों की समस्याओं का समाधान किया जाए, जिला सहकारी बैंकों में सहायक महाप्रबंधक के पद का सृजन किया जाए, बैंकिंग उद्योग में पांच दिवसीय कार्य समाप्त लागू किया जाए, वर्श 2001 से पूर्व के संविदा कर्मचारियों को नियमित करने व उत्तर प्रदेष परिवहन निगम के मृतक आश्रितों की नौकरी देने के आदेष का अनुपालन कराया जाए, निकायों में वर्शों से वाहन चालक का कार्य करने वाले सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को चालक के रिक्त पदों पर समायोजित किया जाए, निकायों में पं0 दीनदयाल उपाध्याय कैषलेस योजना को लागू



किया जाए, पटरी रेहड़ी दुकानदारों को समुचित स्थान दिया जाए, ई–रिक्षा, आटो को स्टैण्ड दिया जाए, संविदा/निविदा सफाई कर्मचारियों को 18 हजार रूपए का वेतन दिया जाए, 108, 102 एंबुलेंस के बर्खास्त कर्मियों की बहाली की जाए। इसके अलावा अन्य मांगे भी षामिल रहीं। जयषंकर गुप्ता, रामनरेष, रामकृपाल, देवनारायण मिश्र, विषाल मिश्रा, राजकुमार, सोनिका पटेल, सुमन देवी, प्रियंका कुषवाहा, पल्लवी सिंह, अभिशेक प्रजापति शामिल रहे।

# टैलेंट सर्च प्रीमियर लीग में खागा की टीम बनी चैंपियन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में छिपी हुई क्रिकेट प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने के उद्देश्य से ग्रामीण युवा क्रिकेट यूनियन संस्था परिवार द्वारा टैलेंट सर्च प्रीमियर लीग का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 10 वर्ष से लेकर 19 वर्ष तक के युवा खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आठ दिनों तक चले इस रोमांचक आयोजन में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 60 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में खागा तहसील के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी पर कब्जा जमाया और विजेता बनने का गौरव हासिल किया। पूरे आयोजन का संचालन ग्रामीण युवा क्रिकेट यूनियन की राष्ट्रीय




कार्यकारिणी की देखरेख में सफलतापूर्वक किया गया। संस्था परिवार द्वारा जिले में क्रिकेट प्रतिभाओं को निखारने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में संस्था ने जनपद के पांच स्थानों रायपुर भसरौल, रानी चन्द्र प्रभा स्पोर्ट्स ग्राउंड, सेमरा मानापुर हथगांव एवं राष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्थान भैरमपुर रोड सहित अन्य केंद्रों पर प्रशिक्षण संस्थान स्थापित कर बच्चों का नियमित प्रशिक्षण शुरू किया है। फाइनल मुकाबले के अवसर पर राष्ट्रीय महानिदेशक एबी बाबू, वरिष्ठ संरक्षक शिव स्वरूप, संदीप उमराव और सत्य नारायण पटेल ने जिलाध्यक्ष अमित मौर्या सहित सभी खिलाड़ियों और आयोजकों को बधाई दी। इस आयोजन की भूरि–भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की छिपी प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। इस मौके पर संस्था परिवार ने भिटौरा ब्लॉक अध्यक्ष पद पर आशुतोष पाल की नियुक्ति की घोषणा भी की। संस्था पदाधिकारियों ने विष्वास व्यक्त किया कि उनकी नियुक्ति से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी।

# दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव का हुआ समापन

## - खागा विधायक समेत अधिकारियों ने दस प्रगतिशील किसानों को किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कृशि विज्ञान केन्द्र




थरियांव में चल रहे दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव का समापन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में खागा विधायक कृष्णा पासवान ने षिरकत की। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, उप कृशि निदेषक सत्येन्द्र सिंह, जिला कृशि अधिकारी नरोत्तम कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी अख्तर हुसैन, भूमि संरक्षण अधिकारी ईईसी खागा अमित कुमार, कृशि वैज्ञानिक, डा0 जितेन्द्र सिंह, डा0 साधना वैष्य सहित अन्य लोगों ने षिरकत की। कार्यक्रम स्थल पर कृशि एवं सम्बद्ध विभागों के स्टाल लगाकर विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार कृशकों के मध्य किया गया। खागा विधायक कृश्णा पासवान ने कृशकों को षासन की संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं की जानकारी देते हुए श्रीअन्न के आच्छादन विस्तार करने, श्री अन्न के उत्पाद को अपनाने व उपभोग करने की अपील की। साथ ही दस प्रगतिषील कृशकों को प्रोत्साहित किए जाने के उद्देष्य से प्रषस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सीडीओ ने किसानों का आहवान किया कि अधिक से अधिक संख्या में कृशकों को फार्मर रजिस्ट्री कराने व जैविक खेती करने के साथ श्री अन्न का अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की। उपकृशि निदेषक ने बताया कि चार मार्च तक कृशि यंत्रों की बुकिंग की जा रही है। किसान इसका लाभ उठाएं। जादूगर के माध्यम से नहर कटान, फसलों की सुरक्षा, वन रोज से बचाव व श्री अन्न की फसलों की अधिक से अधिक खेती करने की जानकारी दी। अंतिम दिवस पर उपकृशि निदेषक ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों व कृषकों का आभार जताया।

# कचरे के ढेर में खड़ा हो रहा पूर्व सैनिकों का पॉलीक्लिनिक भवन

## - समिति ने उठाए सवाल, भ्रष्टाचार के मढ़े आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पूर्व सैनिक उत्थान एवं लोक कल्याण समिति के अध्यक्ष विद्याभूषण तिवारी, महिला अध्यक्ष जागृति तिवारी एवं उपाध्यक्ष साधना सिंह ने एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में ईसीएचएस (पॉलीक्लिनिक) भवन निर्माण में भारी अनियमितता का आरोप लगाया है। समिति ने तथ्यों के साथ बताया कि पूर्व सैनिकों के लिए स्वी.त इस भवन का निर्माण उस स्थान पर कराया जा रहा है, जहां पिछले 100 वर्षों से शहर का कचरा डाला जा रहा था। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि इस भवन की कुल प्रोजेक्ट लागत एक करोड़ चौबीस लाख रुपये है, लेकिन इसका निर्माण स्थल 100 साल पुरानी कचरा पट्टी पर चुना गया है, जो तकनीकी रूप से अत्यधिक असुरक्षित है। उन्होंने चेतावनी दी कि कचरे की परत इतनी गहरी है कि जमीन के नीचे पानी पहुंचने पर वह फूलेगी, जिससे नींव कमजोर होने के कारण अगले 3–4 वर्षों में ही भवन के धराशायी होने की प्रबल आशंका है। इसे सीधे तौर पर सरकारी धन की बर्बादी बताया गया है। आरोप लगाया गया कि ठेकेदार को बचाने के लिए एग्रीमेंट में भवन की गारंटी मात्र एक वर्ष रखी गई है। साथ ही, भूमि का औपचारिक आवंटन न होने के कारण भविष्य में भवन टूटने पर सेना को कोई अनुकंपा राशि भी नहीं मिलेगी। इस स्थिति का सीधा प्रभाव फतेहपुर के 26,000 पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के इलाज पर संकट



के रूप में पड़ेगा। भवन न होने की स्थिति में सैनिकों को रायबरेली या कौशांबी पॉलीक्लिनिक के चक्कर लगाने को मजबूर होना पड़ेगा। विद्याभूषण तिवारी ने कहा कि उन्होंने इस भ्रष्टाचार के संबंध में जीओसी प्रयागराज मेजर जनरल अमित सिंह सोहाल और स्टेशन कमांडर ब्रिगेडियर डागर को पूरे दस्तावेज दिखाए हैं। अधिकारियों ने गड़बड़ी की बात मानी है, लेकिन अब इसे दबाने का प्रयास किया जा रहा है। समिति ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला, तो वे आर्मी कमांडर से शिकायत करेंगे और आवश्यकता पड़ने पर माननीय उच्च न्यायालय की शरण लेंगे।

# इफ्तार व सहरी




सुन्नी हजरात
आठवें रोजे का इफतार 6.07 व नवें रोजे की सहरी 5.09 मिनट पर करे।
शिया हजरात– आठवें रोजे का इफतार 6.17 व नवें रोजे की सहरी 4.59 मिनट पर करे।

# सीएचसी हरदो में डॉक्टरों की अनुपस्थिति से मरीज परेशान

न्यूज वाणी ब्यूरो/ खागा, फतेहपुर। क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरदो में डॉक्टरों के नियमित रूप से अनुपस्थित रहने की समस्या थमने का नाम नहीं ले रही है। बुधवार को हालात तब और गंभीर दिखे जब क्षय रोग (टीबी) कक्ष में डॉक्टर की कुर्सी घंटों खाली पड़ी रही। दूर–दराज गांवों से आए मरीज इलाज की उम्मीद में सुबह से कतार में बैठे रहे, लेकिन दोपहर तक भी उन्हें समुचित उपचार नहीं मिल सका। धाता ब्लाक के कटरिया की संगीता देवी और खागा नगर के गंगादीन का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है। अक्सर डॉक्टर समय से अस्पताल नहीं पहुंचते, जिससे बलगम जांच दवा सेवाएं प्रभावित होती हैं। टीबी जैसे गंभीर रोग से पीड़ित मरीजों को नियमित जांच और दवा की आवश्यकता होती है, लेकिन संबंधित कक्ष में चिकित्सक के न मिलने से उन्हें निराश लौटना पड़ता है। कुछ मरीजों ने बताया कि कई बार दवा वितरण में भी देरी हो जाती है। उच्चाधिकारियों से मांग की है कि अस्पताल में डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए और लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। यदि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो ग्रामीणों को निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ेगा, जिससे उन पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। डाक्टर मो खुर्शीद ने बताया कि कभी कभार डाक्टर विभागीय कार्य के लिए चले जाते हैं।

# अविमुक्तेश्वरानंद मामले में कांग्रेस ने पीएम को भेजा ज्ञापन

## - शिकायतकर्ता की पृष्ठभूमि की मांगी निष्पक्ष जांच

न्यूज वाणी ब्यूरो/ फतेहपुर। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेष्वरा नंद के ऊपर यौन उत्पीड़न को लेकर न्यायालय के आदेश पर हुई एफआईआर से आक्रोशित कांग्रेसियों ने बुधवार को जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा। प्रस्तुत ज्ञापन में मांग की गई कि शिकायतकर्ता अष्वनी सिंह उर्फ आशुतोष पाण्डेय पुत्र रवींद्र



सिंह की पृष्ठभूमि की निष्पक्ष जांच कराई जाए एवं सनातन धर्म के सर्वोच्च पद पर आसीन शंकराचार्य जी की मर्यादा का ध्यान रखते हुए उन पर हुई एफआईआर को वापस लिया जाए। ज्ञापन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि शंकराचार्य मामले में भाजपा अपनी कार्यशैली से पूरी तरह नंगी हो गई है। आज जिस प्रकार से सनातन धर्म पर आघात किया गया है इसे देश की जनता कभी नहीं भूल पाएगी। शहर अध्यक्ष मो0 आरिफ गुड्डा ने कहा कि भाजपा द्वारा अब भाई–भाई को तोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य जी एक पूज्यनीय पद पर आसीन सनातन धर्म के धर्माचार्य हैं। उनके साथ ऐसी अशोभनीय कार्यवाही बर्दाश्त के बाहर है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस इस लड़ाई में अग्रणी भूमिका के साथ खड़ी है। न्याय के लिए संघर्ष की हर सीमा तक जाएगी। ज्ञापन में संतोष कुमारी शुक्ला, सुधाकर अवस्थी, आशीष गौड़, माधुरी रावत, रंजीत मौर्य, मणि प्रकाश दुबे, देवी प्रकाश दुबे, राम नरेश महराज, राजीव लोचन निषाद, आरिफ खान, आदित्य श्रीवास्तव, अमरनाथ कैथल, विवेक मिश्रा, राजेंद्र लोधी, मनोज घायल, रिक्की सरदार, पप्पी राजपूत, पूनम द्विवेदी, कल्लू कोरी, कौशल कुमार शुक्ला, शकीला बानो, निजामुद्दीन, षब्बीर अहमद, उस्मान खान, निशा गुप्ता, धर्मेंद्र सिंह, हम्माद हुसैन आदि मौजूद रहे।

# जरूरतमंद के लिए किया सर्व फॉर ह्यूमैनिटी के सदस्य ने रक्तदान

न्यूज वाणी ब्यूरो/ फतेहपुर। जिला अस्पताल में भर्ती मरीज जरूरतमंद मरीज रेखा पत्नी हरीश चंद्र निवासी ग्राम इंद्रो पोस्ट सुकैती गाजीपुर फतेहपुर है। मरीज टीबी मरीज है। जिसका टीबी के इलाज के दौरान बेड सोल हो गया। जिसके चलते मरीज को रक्त की कमी हो गई , डॉक्टर द्वारा मरीज को एक यूनिट रक्त की आवश्यकता



बताई गई। जिला चिकित्सालय में रक्त उपलब्ध नहीं था। जानकारी जिला क्षय रोग अधिकारी निशात शहाबुद्दीन द्वारा सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन को हुई। जानकारी मिलते ही केस वेरिफाई कर सर्व फॉर ह्यूमैनिटी ग्रुप में डाला गया। केस देखते संस्था के उपाध्यक्ष शोभित सिंह रक्तदान के लिए तैयार हो गए और जिला चिकित्सालय रक्तकेंद्र रक्तदान के लिए पहुंचे और अपना सातवां रक्तदान जिला चिकित्सालय रक्तकेंद्र में किया। इस मौके पर संस्था से गुरमीत सिंह व जिला चिकित्सालय रक्तकेंद्र से नरेंद्र और गोविंद उपस्थित रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )